## खबर संक्षेप



### ग्राम तितुरगहन में लगा पशु चिकित्सा शिविर

**गुरूर।** पशु चिकित्सालय गुरूर की ओर से ग्राम पंचायत गंगोरीपार के आश्रित ग्राम तितुरगहन में पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण के साथ ही चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम में पशुओं को खुरहा चपका से बचाने टीके लगाए गए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा, सहायक पशु निरीक्षक क्षेत्र अधिकारी विकास देवांगन, आशीष साहू, चन्द्राकर टालदार, शिवकुमार साहू, नारायण निषाद, कांती साहू, सौपसिंह ठाकुर, संतोष यादव, मुकेश साहू, राजेन्द्र, कोटवार रामगोपाल, गौकरण साहू उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में मनाया गया पोला पर्व




**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में कृषि संस्कृति पर आधारित छत्तीसगढ़ी लोक पर्व पोला त्यौहार मनाया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखीत राम कलिहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू, दीदी टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, चितेश्वरी साहू, बीना साहू, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा एवं शिशु व बाल भारती के पदाधिकारी भईया बहनों ने नंदी बैल, पोरा-चुकिया, चूल्हा की पूजा की। इस अवसर पर गुलगुल भजिया व चीला का भोग लगाया गया। कामता प्रसाद साहू ने पोला त्यौहार के संबंध में जानकारी दी।

### बटरेल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान पर हुई कार्यशाला



**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी कमलेश साहू, रूपेंद्र साहू, प्राणनाथ साहू, किरण यादव, मनीष यादव, दिनेश देवांगन, रेवा साहू, सोनसाय साहू, संतानु माहेश्वरी, सुरुजलाल निर्मलकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 4 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिविर में सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### बियर बार के सामने मिली युवक की लाश

**भिलाई।** सोमवार को बार के सामने एक युवक की लाश मिली। सूचना पर मौके पर पहुती पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का शिनाख्त दिनेश यादव 40 वर्ष के रुप में हुई। मृतक दिनेश राजधानी बार के पीछे सरकारी स्कूल के पीछे कालोनी में अपने ससुराल में निवास करता था। मृतक का भाई मोनू यादव के मुताबिक 3 सितंबर की सुबह 9 बजे कॉलोनी के युवकों ने राजधानी बार के सामने भाई की लाश पड़े होने की जानकारी दी। लोग पहुचे और शव का शिनाख्त किया। मृतक विवाहित है उसके दो बच्चे भी हैं। पत्नी परागा यादव हाउस वाइफ है। दिनेश फौजी नगर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था।

# 5 माह में सर्पदंश के 60 मामलों में 54 का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बीएमओ डॉ रजा ने कहा अस्पताल में इलाज की पूरी सुविधा

सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़ फूंक में ज्यादा यकीन रखते हैं और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते हैं, जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित बचे रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्पदंश के सर्वाधिक मामले विकासखण्ड नवागढ़ में आते हैं और यहाँ के लोग ज्यादातर झाड़फूंक के चक्कर में समय व्यतीत करते रहते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए डॉ एम एम रजा खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के समस्त चिकित्सको को मार्गदर्शन करते हुए सर्पदंश के इलाज के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति के इलाज के लिए एन्टी स्नैक वेनम एवं अन्य जरूरी संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन के माध्यम से विकासखण्ड में प्रचार प्रसार कराया गया, जिसका क्षेत्र वासियों को ये लाभ हुआ कि अप्रैल 2024

से 03 सितंबर 2024 तक 05 माह में सर्पदंश के 60 मामलों में 54 मरीजों का सफल इलाज किया गया। केवल 6 केस को स्थिति गम्भीर होने के कारण जिला चिकित्सालय बेमेतरा में रेफर किया गया। इसी तरह बिच्छु काटने के 52 मामलों में 52 मरीजों का सफल इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में किया गया।



### झाड़-फूंक में समय न गंवाएं, तत्काल अस्पताल पहुंचाएं

सर्पदंश के मामलों में विशेष ध्यान रखने वाली बात है कि किसी व्यक्ति को जैसे ही सर्पदंश लगा है तुरन्त ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु पहुँच जाएं। देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है। इससे गम्भीर स्थिति निर्मित होती है। डॉ रजा ने लोगों से आग्रह किया कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़ फूंक में समय व्यतीत न करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में सर्पदंश के त्वरित इलाज एवं व्यवस्था बनाये रखने में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एमएम रजा, डॉ विकास पांडेय, समस्त चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम सीके देवांगन, समस्त नर्सिंग स्टाफ, सुनील फार्मासिस्ट का विशेष योगदान है।

## सर्व उत्थान समिति परोपकारी ट्रस्ट व रानी सती दादी के भक्तों ने किया आयोजन

# रानी सती दादी मां की निकली भव्य निशान यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर में सर्व उत्थान समिति परोपकारी ट्रस्ट व रानी सती दादी के भक्तों के सहयोग से दो दिवसीय भादी अमावस्या महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस नगर में निशान यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान नगर में मारवाड़ी महिलाओं ने निशान यात्रा निकाली।

अर्चना गोपाल शर्मा के निवास स्थान से भारत माता चौक जय स्तंभ चौक, दाऊ चौरा, शुभम मोटर्स होते हुए अपने मुख्य स्थान में पहुंची। रथ में माता का दरबार सजा हुआ था। श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण किया।श्रद्धालुओं का समूह झूमती नाचते हुए नगर में भ्रमण किया। इससे पूरा नगर रानी सती के जयकारों से गूंज उठा ।सर्व शोभायात्रा में के समिति के ट्रस्टी शरद शुक्ला लखनऊ, ट्रस्टी अर्चना शर्मा थान खमरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वंशिका शर्मा, बेमेतरा जिला अध्यक्ष कल्पना अग्रवाल थान खमरिया, जिला सदस्य आयुष वैष्णव थान खमरिया, जिला सचिव मीना शर्मा पतोरा, रानी सती दादी के रिंकी सुनील केडिया, सीमा पवन बंसल, नेहा मनीष सेन, किरण अमित बिंदल, विनीत शर्मा, मनोज मुरारका, बुलबुल अंकित बिंदल, दीपिका अभिषेक बिंदल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**दादी जी के पूजन से होती है परिवार की रक्षा :** दादी के संबंध में अर्चना शर्मा ने बताया कि भादो अमावस्या की नवमी तिथि को ही रानी सती दादी अपने पति के साथ गोलोक चली गई थीं। ऐसी मान्यता है कि दादी जी के पूजन से परिवार कुटुंब की रक्षा होती है। पुराने इतिहास के मुताबिक महाभारत के युद्ध में चक्रव्यूह में वीर अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त हुए थे। उस समय उतरा जी को भगवान श्री कृष्ण जी ने वरदान दिया था। तो कलयुग में नारायणी के नाम से श्री सती दादी के नाम से विख्यात होगी। हर किसी का कल्याण करेगी, और पूरी दुनिया में पूजी जाएगी।



### मंगल पाठ आज

आज 4 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में हरगोपाल शर्मा एवं गिरधर व्यास भाटापारा की मधुर आवाज के साथ मंगल पाठ की शुरुआत की जाएगी। समिति नगर के दादी भक्तो के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# सिंघौरी में धूमधाम से मना पोरा तिहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पोरा त्यौहार के पावन पर्व पर बेमेतरा नगर पालिका अंतर्गत सिंघौरी वार्ड में पोरा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू थे। आयोजक समिति द्वारा पारंपरिक गाड़ी बैला में बिठाकर मंच तक ले जाया गया। इस दौरान विधायक साहू ने नंदिया बैला और पोरा की पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी माताओं और बहनों को तीजा पोरा त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज पोरा तिहार है, जो छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। इसके साथ ही तीन दिन बाद तीजा है, जो सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने माता, बहनों को महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त जारी कर दी है। हमारी सरकार हर माह के पहले हफ्ते में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रूपए का अंतरण उनके खातों में करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के चंहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू, राजू देवांगन, रोशन दत्ता, निलू राजपूत, विकास तंबोली, कमलेश वर्मा, युगल देवांगन, देवराम साहू, दिना साहू, पिंकी गुप्ता, विजय सुखवानी, डॉ लोचन साहू, महेश साहू, ओमकार साहू, उपस्थित थे।

# बांसा की नवबालिका भोजली समिति ने किया भोजली विसर्जन



**बेमेतरा/बेरला।** बेरला क्षेत्र अंतर्गत बांसा की नव बालिका भोजली समिति द्वारा शिव मंदिर प्रांगण के पास कृष्ण जन्माष्टमी के दिन बीते सोमवार को भोजली की स्थापना की गई। भोजली का विसर्जन लोक गीतों के साथ सोमवार को पोरा के दिन किया गया। उक्त आयोजन में नव बालिका भोजली समिति बांसा के सदस्य की गौरी श्रीवास, खुशबू श्रीवास, मीनाक्षी श्रीवास, अर्चना वर्मा, वैष्णवी वर्मा, लालिमा वर्मा, रितिका वर्मा, रोहणी वर्मा, माधुरी वर्मा, अंशु धीवर, गुनगुन धीवर सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित थीं। वहीं, भोजली विसर्जन के दौरान हरीश वर्मा, करण धीवर, पवन रावत, विकास श्रीवास, अमित पाटिल, मयंक वर्मा, भोला देवांगन सहित बांसा के समस्त ग्रामवासियों की शानदार उपस्थिति रही।

### पिरदा में किया गया भोजली विसर्जन

बेमेतरा/भिंभौरी। आदर्श जनकल्याण समिति ग्राम पिरदा द्वारा वार्ड क्रमांक 2 में जन्माष्टमी के अवसर पर भोजली की स्थापना की गई थी। पोरा के दिन उसका विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में रवि निषाद, अर्जुन ध्रुव संत वर्मा रुपेन्द्र वर्मा, कृष्ण कुमार यादव, कृष्णा साहू, संजू देवदास एवं इन्द्र कुमार यादव का विशेष सहयोग रहा। भोजली विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# स्वयंसेवी शिक्षकों को दिया गया उल्लास साक्षरता प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता का प्रशिक्षण माध्यमिक शाला संडी संकुल केंद्र डंगनिया ब विकासखंड बेरला में स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें संकुल केंद्र सलधा व डंगनिया ब के स्वयं सेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

ये स्वयं सेवी शिक्षक अपने अपने अपने ग्राम के असाक्षरों को साक्षर करेंगे । इन स्वयंसेवी शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं सेवी शिक्षकों ने भी बहुत ही गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स प्रदीप परगनिहा, विजय निर्मलकर, संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा, राकेन्द्र साहू, और संस्था के प्रधान पाठक प्रेमदास महिलांग, वीरेन्द्र सिन्हा शिक्षक गण ओमनारायण साहू, लोकेश साहू, मनीषा देवांगन, फिरोज जोशी, महेन्द्र वर्मा, सुधीर साहू के साथ स्वयं सेवी शिक्षक गण आशीष साहू, छोटे लाल साहू, अश्वन निषाद, धनेश्वर साहू, रेशमा साहू, शारदा मिश्रा, चेतना ,बीना सहित अन्य स्वयं सेवी शिक्षक उपस्थित थे।



### मां बहादुर कलारिन कालेज में प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें आनलाइन प्रवेश के लिए पोर्टल 31 अगस्त से 14 सितंबर तक फिर से प्रारंभ की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर बी.ए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी योगा इन एजुकेशन, बीएससी आईटी प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्डकॉपी संलग्न दस्तावेज के साथ कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# नगर सहित अंचल में धूमधाम से मना पोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर सहित अंचल में पोला का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार पोला के अवसर पर किसानों ने जहां बैलों की पूजा की, साथ ही मिट्टी से बने नंदी बैल एवं जांता-पोरा सहित अन्य खिलौनों की पूजा की गई। इसके साथ ही चीला-गुलगुला सहित अन्य छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया। त्योहार पर नन्हे मुन्ने बच्चे नंदी बैल एवं जांता-पोरा सहित अन्य खिलौनों से खेलते नजर आए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का पोरा-तिहार मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। खेती किसानी में बैल और गौवंशीय पशुओं के महत्व को देखते हुए इस दिन उनकी पूजा की गई। वहीं, कई स्थानों पर बैलों को सजा कर बैलदौड़ का भी आयोजन किया गया। घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए गए।

### अब तीजा को लेकर दिख रही रौनक

छत्तीसगढ़ में तीजा (हरतालिका तीज) की विशिष्ट परम्परा है। महिलाएं तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। तीजा मनाने के लिए बेटियों को पिता या भाई ससुराल से लिवाकर लाते हैं। छत्तीसगढ़ में तीजा पर्व की इतना अधिक महत्व है कि बुजुर्ग महिलाएं भी इस खास मौके पर मायके आने के लिए उत्सुक रहती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करू भात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं। तीजा के दिन मिट्टी का शिवलिंग बनाया जाता है, फूलों का फुलेरा बनाकर साज-सज्जा की जाती है ।

## जनदर्शन में मांग, शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन मिले

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र से लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, व संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**भूमि सीमांकन से लेकर पेंशन की मांग:** इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के सुंदर नगर निवासी अनंत पुरी गोस्वामी ने भूमि सीमांकन में त्रुटि सुधार के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थान खम्हरिया ग्राम अकोला के निवासी मोहित कुमार यादव ने विकलांग मोटर साइकिल प्रदान के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेरला के ग्राम बावनलाख निवासी मैकुराम साहू ने मजदूरी का पैसा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ ग्राम मुरकुटा निवासी मोहनी दास कुर्रे ने ऑटो चलाने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।

तहसील थानखम्हरिया ग्राम हरदास समस्त ग्रामवासी ने शासकीय घासभूमि का फर्जी पट्टा जारी कर उसे निरस्त कर सार्वजनिक निस्तारी की भूमि होने के कारण मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है।

